

भारत की जनगणना 1991

श्रृंखला – 25
उत्तर प्रदेश

1991 का पेपर – 1

अनन्तिम जनसंख्या
आंकड़े

विजेन्द्र पाल
निदेशक जनगणना कार्य,
उत्तर प्रदेश

विषय सूची

		पृष्ठ संख्या
1	उत्तर प्रदेश के आँकड़े एक दृष्टि में	1
2	प्राक्कथन	3-4
3	पृष्ठ भूमि	5-7
	जनगणना उत्क्रम	9
4	परिणामों का विश्लेषण	11-14
5	राज्यों/केन्द्र शासित क्षेत्रों की तुलनात्मक स्थिति दर्शाने वाला विवरण	15
6	उत्तर प्रदेश के जिलों की जनसंख्या की तुलनात्मक स्थिति दर्शाने वाला विवरण	16-17
7	मानचित्र एवम् चार्ट	19-47
	(1) प्रशासनिक प्रभाग, 1991	
	(2) नवसृजित जिले, 1981-91	21
	(3) जनसंख्या वृद्धि, 1981-91	23
	(4) जनसंख्या वृद्धि, 1981-91 (भौगोलिक विभाजन के अनुसार)	25
	(5) जनसंख्या घनत्व, 1991	27
	(6) लिंगानुपात, 1991	29
	(7) प्रथम श्रेणी के नगर, 1991	31
	चार्ट	
	(1) उत्तर प्रदेश - जिलो का क्षेत्रफल एवम् जनसंख्या, 1991	33
	(2) उत्तर प्रदेश - दशकीय जनसंख्या वृद्धि, 1901-91	35
	(3) उत्तर प्रदेश - जिलो की तुलनात्मक जनसंख्या, 1991	37
	(4) लिंगानुपात, 1901-91, उत्तर प्रदेश एवम् भारत	39
	(5) जनसंख्या वृद्धि दर 1901-91 - उत्तर प्रदेश एवम् भारत	41
	(6) उत्तर प्रदेश, अन्य राज्य एवम् केन्द्र शासित प्रदेशो की जनसंख्या, 1991	43
	(7) उत्तर प्रदेश - दस तीव्रतम वृद्धि वाले जनपद, 1901-91	45
	(8) उत्तर प्रदेश - दस न्यूनतम वृद्धि वाले जनपद, 1901-91	47
8	अनन्तिम जनसंख्या तालिकायें	49-57
	(i) तालिका 1- जिलेवार जनसंख्या, लिंग अनुपात, वृद्धि दर एवम् जनसंख्या घनत्व का विवरण	50-51
	(ii) तालिका 2-1901 से जनसंख्या मे दशकीय परिवर्तन	52-53
	(iii) तालिका 3- एक लाख एवम् उससे अधिक जनसंख्या वाले नगर/नगर समूह	54-55
	(iv) तालिका 4- साक्षरता	56-57
9	परिशिष्टियां	59-80
	परिशिष्ट अ - 1991 की जनगणना के लिये भारत के महारजिस्ट्रार कार्यालय द्वारा प्रस्तावित सारणियो की सूची	61-72
	परिशिष्ट ब - 1991 की जनगणना के लिये अनुसूचिया	73-80

भारत की जनगणना 1991

उत्तर प्रदेश के आँकड़े एक दृष्टि में

1.	कुल जनसंख्या	व्यक्ति	138,760,417
		पुरुष	73,745,994
		स्त्रियाँ	65,014,423
2.	दशक 1981-91 में जनसंख्या की वृद्धि		
	(क) वास्तविक		+27,897,905
	(ख) प्रतिशत		+25.16
3.	जनसंख्या घनत्व		471 प्रति वर्ग किलोमीटर
4.	लिंग अनुपात		882 स्त्री प्रत्येक 1000 पुरुष
5.	साक्षरता दर 7+	योग	41.71 प्रतिशत
		पुरुष	55.35 प्रतिशत
		स्त्रियाँ	26.02 प्रतिशत

प्राक्कथन

उत्तर प्रदेश राज्य के लिये 1991 की जनगणना से सम्बन्धित कुछ आधारभूत अनन्तिम आँकड़े प्रकाशित करते हुए मुझे अत्यन्त प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। सम्पूर्ण देश से सम्बन्धित अनन्तिम आँकडे भारत के महारजिस्ट्रार एव जनगणना आयुक्त द्वारा पहले ही प्रकाशित किये जा चुके है। उसी क्रम मे यह राज्य स्तरीय प्रकाशन जारी किया जा रहा है।

प्रदेश मे जनगणना - 1991 का कार्य अत्यन्त विषम परिस्थितियो मे सम्पन्न कराया गया। यहाँ तक कि कुछ जिलो मे कानून व्यवस्था के बिगड जाने की वजह से पूर्व निर्धारित प्रशिक्षण कार्यक्रमो मे कई बार परिवर्तन करना पडा तथा क्षेत्रीय कार्य का प्रथम महत्वपूर्ण चरण (मकानसूचीकरण) भी मई 1990 के स्थान पर सितम्बर 1990 मे सम्पन्न किया गया। अनिश्चितता की स्थिति के बावजूद वास्तविक प्रगणना का कार्य उत्तर प्रदेश शासन के सहयोग से निर्धारित अवधि (9 फरवरी से 2 मार्च, 1991) मे ही सफलतापूर्वक पूरा करा लिया गया। परन्तु पूर्ण कवरेज के उद्देश्य से प्रदेश के कुछ बडे शहरो मे जाँच कार्य 10 मार्च तक बढाना पडा। इस विशाल कार्यक्रम से सम्बद्ध समस्त अधिकारी व कर्मचारी बधाई के पात्र है।

हिमाच्छादित क्षेत्रो में जहाँ फरवरी/ मार्च माह मे पहुँच पाना सम्भव नही था मकानसूचीकरण का कार्य जून, 1990 मे तथा प्रगणना कार्य 1 अक्टूबर, 1990 के सूर्योदय काल के सन्दर्भ मे सितम्बर 1990 मे कराया गया। असमकालिक प्रगणना की व्यवस्था उत्तराखण्ड के उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ जिलो के 97 राजस्व ग्रामों, 14 वन ग्रामो तथा तीन नगरीय क्षेत्रो (गगोत्री एन ए , बद्रीनाथ एन ए , केदारनाथ एन. ए) मे कराई गई।

1981 की जनगणना के उपरान्त प्रदेश मे 7 नये जिलो तथा 52 नयी तहसीलो का सृजन हुआ जिसके फलस्वरूप प्रदेश के 20 जिलो तथा 79 तहसीलो की सीमायें प्रभावित हुई। यद्यपि कानपुर जिले का विभाजन कानपुर नगर और कानपुर देहात मे 1981 मे ही कर दिया गया था परन्तु तब तक जनगणना कार्य हेतु प्रशासनिक ढाँचे को अन्तिम रूप दिया जा चुका था। अत इन दोनो जिलो के आँकडे 1981 की जनगणना के लिए अलग - अलग प्रस्तुत नही किए जा सके थे।

जनगणना कार्य की राष्ट्रीय महत्ता को ध्यान मे रखते हुए उसमे सहयोग देने हेतु महामहिम राज्यपाल एव माननीय मुख्यमत्री जी द्वारा समय - समय पर सन्देश दिये गये जिसके लिए मै उनका हृदय से आभारी हूँ। इन सन्देशो के जरिये आम जनता से सक्रिय सहयोग मिला जिसके फलस्वरूप कवरेज प्रभावी ढग से किया जा सका।

प्रदेश के भूतपूर्व मुख्य सचिव श्री राजकुमार भार्गव तथा वर्तमान मुख्य सचिव डा० बी के. सक्सेना द्वारा निरन्तर मार्गदर्शन एव व्यक्तिगत रूचि के फलस्वरूप ही जनगणना का कार्य समयबद्ध कार्यक्रम के अनुसार सम्पन्न हो सका। उन्हे मेरा आभारपूर्ण धन्यवाद।

उत्तर प्रदेश सचिवालय के सामान्य प्रशासन विभाग के भूतर्पूव सचिव श्री के आर भाटी और वर्तमान सचिव श्री देवी दयाल एव अनुसचिव श्री एस. बी. लाल का भी मै आभारी हूँ जिन्होने प्रदेश शासन की ओर से जिलो को सामयिक निर्देश देने के साथ - साथ विभिन्न प्रकार की विज्ञप्तियाँ जारी करायी। मै श्री बृजेन्द्र, सचिव नगर विकास, उत्तर प्रदेश शासन का भी आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होने बडे शहरो तथा महापालिकाओ में कार्य को गतिशीलता देने मे अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

आर्थिक बोध एव सख्या निदेशालय, उत्तर प्रदेश के अधिकारियो ने भी इस कार्य मे सहयोग प्रदान किया जिससे ऑकडो की गुणवत्ता को बढाने मे बडी मदद मिली। श्री फतेह बहादुर लाल, निदेशक और श्री बी डी कनौजिया, उपनिदेशक तथा उनके अधीनस्थ जिलो के समस्त अधिकारी इस सहयोग के लिए धन्यवाद के पात्र है।

जनगणना के क्षेत्रीय कार्य की समाप्ति के उपरान्त प्रत्येक जिले/ महापालिका से सम्बन्धित मूलभूत ऑकडो को जनगणना निदेशालय, उत्तर प्रदेश तथा भारत के महारजिस्ट्रार एव जनगणना आयुक्त नई दिल्ली को त्वरित गति से प्रेषित करने मे राज्य स्तर पर योजना आयोग की एन आई सी यूनिट तथा जिलो मे स्थित उनकी इकाइयो ने बडी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके लिए डा० राकेश गोयल, स्टेट इनफारमेटिक्स अधिकारी तथा डा० एल आर यादव, सीनियर सिस्टम एनालिस्ट एव जिलो के समस्त जिला इनफारमेटिक्स अधिकारी बधाई के पात्र है।

श्री अमूल्य रत्न नन्द, भारत के महारजिस्ट्रार एव जनगणना आयुक्त से निरन्तर सक्रिय मार्गदर्शन तथा प्रेरणा प्राप्त हुई और श्री एन रामाराव, उप-महारजिस्ट्रार जनगणना के सहयोग ने मेरे कार्य को सुगम बनाया। मै उनका हृदय से आभारी हूँ।

जनगणना कार्य का सर्वाधिक भार जिला प्रशासन तथा नगर महापालिकाओ पर पडा जिसे प्रदेश के समस्त जिलाधिकारियो एव मुख्य नगर अधिकारियो ने अपनी व्यस्तता के बावजूद जनगणना अधिनियम के तहत सौपे गये प्रमुख जनगणना अधिकारी के दायित्वो का निर्वाह कुशलता एव तत्परता से किया। प्रदेश मे व्याप्त कानून व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए इतने विशाल प्रशासनिक प्रक्रिया का आयोजन जिला प्रशासन के लिए ही नही वरन् प्रदेश शासन के लिए भी एक कठिन परीक्षा की घडी थी। इस परीक्षा की घडी मे जिलाधिकारियो/ मुख्य नगर अधिकारियो के अतिरिक्त सभी जिलो के अपर जिला अधिकारी (वित्त एव राजस्व तथा पहाडी जिलो मे विकास) एव महापालिकाओ के उप-नगर अधिकारियो ने दृढता एव पूर्ण निष्ठा का परिचय दिया है वे सभी बधाई के पात्र है।

इस वृहद कार्य मे क्षेत्रीय उप/सहायक निदेशक जनगणना तथा उनके अधीनस्थ कर्मचारियो को सौपी गई जिम्मेदारियॉ पूर्ण निष्ठा से निष्पादित करने के लिए उन्हे मेरा धन्यवाद। मुख्यालय के वे सभी अधिकारी एव कर्मचारी भी धन्यवाद के पात्र है जिन्होने अपने तत्पर सहयोग एव पूर्ण निष्ठा से इस कार्य मे समर्पित योगदान दिया है।

अन्त मे मै जनगणना कार्य मे लगे लाखो कर्मठ प्रगणको एव पर्यवेक्षको तथा प्रदेश की आम जनता के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ जिनके सहयोग से ही इतने विशाल कार्यक्रम को उत्तर प्रदेश जैसे सर्वाधिक आबादी वाले राज्य मे विषम परिस्थितियो के होते हुए भी सम्पन्न कराया जा सका।

इस पुस्तिका मे प्रस्तुत ऑकडे जिलो से प्राप्त त्वरित योगो पर आधारित है। अत बाद मे अनुसूचियो की पूर्ण जॉच के उपरान्त ऑकडो मे थोडे बहुत परिवर्तन की सम्भावना से इन्कार नही किया जा सकता।

विजेन्द्र पाल
निदेशक
जनगणना कार्य उत्तर प्रदेश

लखनऊ
दिनाक 4 अप्रैल, 1991

पृष्ठभूमि

भारतवर्ष मे आधुनिक जनगणना का क्रम 1872 से प्रारम्भ हुआ तथा 1881 से यह कार्य हर दस वर्ष के अन्तराल पर नियमित रूप से कराया जा रहा है। देश की जनसख्या 1881 मे मात्र 20 6 करोड थी जो 1991 मे बढकर 84 39 करोड हो गई है तथा उत्तर प्रदेश की जनसख्या इसी अवधि मे तीन गुने से भी ज्यादा बढकर अब 13 88 करोड हो गई है। इस प्रकार से देश की 16 44 प्रतिशत जनसख्या वाला यह प्रदेश क्षेत्रफल के लिहाज से चौथे स्थान पर होने पर भी जनसख्या की दृष्टि से अभी भी भारतवर्ष का सबसे बडा राज्य है।

इस देश मे जनगणना का कार्य ससद द्वारा बनाये गये जनगणना अधिनियम, 1948 के तहत सम्पन्न होता है। उक्त अधिनियम के प्रावधानो के अन्तर्गत ही देश, प्रान्त एव निम्न स्तरो पर जनगणना अधिकारियो की नियुक्तियाँ की जाती है। तद्नुसार केन्द्रीय सरकार द्वारा वर्ष 1991 मे जनगणना कराये जाने की घोषणा 4 अक्टूबर, 1989 की विज्ञप्ति मे की गयी तथा उसी तिथि को भारत के जनगणना आयुक्त की नियुक्ति सम्बन्धी विज्ञप्ति जारी की गयी।

जनगणना उत्क्रम मे भारत के महारजिस्ट्रार एव जनगणना आयुक्त सम्पूर्ण देश के सर्वोच्च अधिकारी होते है जिनके मार्गदर्शन मे प्रत्येक राज्य एव केन्द्र शासित प्रदेशो मे निदेशक जनगणना कार्य का निर्देशन करते है। ये दोनो ही जनगणना के पूर्णकालिक प्राधिकारी होते है तथापि, वास्तविक गणना का क्षेत्रीय कार्य प्रदेश शासन के अधिकारियो/ कर्मचारियो द्वारा अपने नियमित कार्य के साथ - साथ किया जाता है। जिला एव निम्न स्तरो के जनगणना अधिकारियो की नियुक्तियाँ उत्तर प्रदेश शासन द्वारा दिनाक 23 नवम्बर, 1989 की विज्ञप्ति द्वारा की गयी जिसके द्वारा समस्त जिलाधिकारियो एव मुख्य नगर अधिकारियो को अपने - अपने प्राधिकार - क्षेत्र के प्रमुख जनगणना अधिकारी का दायित्व सौपा गया। उनकी सहायता एव जिला/ महापालिका स्तर पर कार्य के सम्पादन हेतु प्रत्येक जिले मे अपर जिलाधिकारी (वित्त एव राजस्व) / अथवा अपर जिलाधिकारी (विकास) को जिला जनगणना अधिकारी तथा प्रत्येक नगर महापालिका मे एक उपनगर अधिकारी को नगर जनगणना अधिकारी नियुक्त किया गया। तहसीलदार, सहायक नगर अधिकारी तथा नगरपालिकाओ एव नोटिफाइड एरियाओ के अधिशासी अधिकारियो को चार्ज अधिकारी नियुक्त किया गया। इस कार्य को अजाम देने के लिये प्रदेश मे उपर्युक्त अधिकारियो के अतिरिक्त लगभग तीन लाख प्रगणक और पर्यवेक्षक काम पर लगाए गए। जनगणना कार्य मे लगाए गए विभिन्न स्तर के अधिकारियो व कर्मचारियो का उत्क्रम चार्ट आगे दिया जा रहा है।

कार्य सचालन मे सहयोग प्रदान करने तथा अधिक प्रभावी पर्यवेक्षण के ध्येय से प्रदेश को 19 क्षेत्रो मे विभक्त करके क्षेत्रीय जनगणना कार्यालय स्थापित किये गये जिनमे प्रभारी उपनिदेशक/ सहायक निदेशक जनगणना के अतिरिक्त मौके पर आवश्यकतानुसार तकनीकी सहायता देने हेतु पूर्णकालिक कुछ अन्य तकनीकी कर्मचारी भी तैनात किये गये।

जनगणना कार्य की तैयारियाँ वैसे तो लगातार पिछले तीन वर्षों से चली आ रही है परन्तु प्रगणना से सम्बन्धित वास्तविक क्षेत्रीय कार्य 9 फरवरी से 2 मार्च, 1991 की अवधि मे कराया गया। इसी अवधि मे मार्च 1-2 के बीच जाँच कार्य हुआ।

जनगणना कार्य का शुभारम्भ भरी जाने वाली अनुसूचियो एव प्रपत्रो की विषय वस्तु के बारे मे केन्द्र स्तर पर आयोजित एक कान्फ्रेस से किया गया। इन अनुसूचियो के स्वरूप का निर्धारण ऑकडो के विभिन्न उपयोगकर्ताओ, भारत सरकार के विभिन्न मत्रालयो, योजना आयोग, केन्द्रीय साख्यकीय सगठन, महानिदेशक

रोजगार एव प्रशिक्षण, समाज कल्याण विभाग, वाणिज्य एव उद्योग मण्डल एव विद्वानो तथा समस्त राज्यो एव केन्द्र शासित प्रदेशो के प्रतिनिधियो आदि के साथ विस्तृत चर्चा के बाद किया गया। तदुपरान्त पूर्व परीक्षणो के बाद ही अनुसूचियो एव प्रपत्रो को अन्तिम रूप दिया गया। जनगणना 1991 के लिए अन्तिम रूप से अपनाई गई अनुसूचियाँ निम्न प्रकार की है - (1) मकानसूची (2) उद्यमसूची (3) परिवार अनुसूची और (4) व्यक्तिगत पर्ची। इन अनुसूचियो की प्रश्नावली राज्य सरकार के गजट मे प्रकाशित की गयी।

राज्य स्तर पर जनगणना कार्य की प्रारम्भिक तैयारियो के अन्तर्गत सर्वप्रथम प्रदेश के ग्रामीण एव नगरीय ढाँचे को अन्तिम रूप दिया गया। फिर नगरीय क्षेत्रो मे प्रत्येक नगर के वार्डों को दर्शाते हुए नगर मानचित्र एव ग्रामीण क्षेत्रो मे प्रत्येक तहसील मे ग्रामो को दर्शाते हुए तहसील मानचित्र तैयार कराये गये। तत्पश्चात् प्रत्येक प्रशासनिक इकाई की 1981 की जनसख्या मे 20 प्रतिशत वृद्धि ग्रामीण क्षेत्रो मे तथा 60 प्रतिशत वृद्धि शहरी क्षेत्रो मे लगाकर इन्हे प्रगणक ब्लाको मे विभाजित किया गया। फिर ग्राम व नगर रजिस्टर तैयार कराये गए। तदुपरान्त प्रत्येक ग्रामीण एव नगरीय इकाई मे जनसख्या को ध्यान मे रखते हुए प्रगणक ब्लाको का निर्धारण किया गया। ग्रामीण क्षेत्रो के लिए एक प्रगणक ब्लाक की आदर्श जनसख्या 750 रखी गई परन्तु शहरी क्षेत्रो मे जनगणना कार्य की दुरूहता को ध्यान मे रखते हुए प्रत्येक प्रगणक ब्लाक की जनसख्या 600 व्यक्तियो तक सीमित रखी गई।

उपर्युक्त प्रारम्भिक तैयारियो के बाद जनगणना का क्षेत्रीय कार्य दो चरणो मे कराया गया। पहला चरण मकानसूचीकरण का था तथा दूसरा चरण प्रगणना का। पहले चरण के अन्तर्गत सर्वप्रथम प्रत्येक प्रगणक ब्लाक का नजरी नक्शा उसकी सीमाओ और मुख्य भू-चिन्हो को ध्यान मे रखकर तैयार किया गया। तत्पश्चात् प्रगणक ब्लाक की गलियो और सडको के दोनो ओर बने हुए भवनो को दर्शाते हुए रेखाकित खाका तैयार किया गया। फिर प्रदेश के समस्त ग्रामीण एव नगरीय क्षेत्रो मे मकानो पर नम्बर गेरू से दिये गये।

प्रथम चरण के दौरान मकानसूची के अतिरिक्त केन्द्रीय साख्यकीय सगठन (भारत सरकार) द्वारा सचालित आर्थिक गणना से सम्बन्धित उद्यमसूची भी भरी गई। 1981 की जनगणना के समय परिवार अनुसूची के प्रथम भाग (जो द्वितीय चरण मे भरी गई थी) की अनेक सूचनाये 1991 की जनगणना मे मकानसूची के माध्यम से एकत्र की गई। प्रदेश मे मकानसूचीकरण का कार्य 10-25 सितम्बर, 1990 की समय अवधि मे कराया गया। इस अवधि का चयन प्रदेश शासन की सहमति से किया गया। मकानसूचीकरण के उपरान्त प्रत्येक ब्लाक की जनसख्या को ध्यान मे रखकर बडे आकार के ब्लाको को आदर्श जनसख्या के आकार में पर्नगठित किया गया फिर प्रत्येक प्रगणक ब्लाक के लिये एक सक्षिप्त मकान सूची तैयार कराई गई। ब्लाकों के पुर्नगठन तथा सक्षिप्त मकान सूची तैयार करने के प्रमुख तीन उद्देश्य थे -

(i) प्रगणको को समान कार्यभार सौपना (ii) प्रगणना के लिए मार्ग दर्शन प्रदान करना तथा (iii) आदर्श आकार के ब्लाको का ढाँचा तैयार करना जो भविष्य मे सैम्पल सर्वेक्षण के काम आयेगा।

दूसरे चरण मे प्रगणना का कार्य 9-28 फरवरी मे कराया गया, बेघर परिवारो की गणना 27 फरवरी, 1991 की रात्रि मे हुई तथा 01 मार्च, 1991 के सूर्योदय काल के सन्दर्भ मे सूचनाओ को अद्यतन करने हेतु 1-2 मार्च, 1991 तक की अवधि मे प्रदेश के समस्त ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रो मे जाँच कार्य (रिवीजनल राउण्ड) किया गया परन्तु कई बडे नगरो मे जाँच कार्य 10 मार्च तक बढाना पडा क्योकि उन शहरी क्षेत्रो मे कुछ इलाके प्रगणना से छूट जाने की शिकायत आयी थी। प्रगणना की अवधि के दौरान प्रत्येक परिवार के लिए परिवार अनुसूची तथा उसमे रहने वाले प्रत्येक सदस्य की व्यक्तिगत पर्ची भरी गई।

परिवार अनुसूची मे परिवार के प्रत्येक सदस्य का नाम, मुखिया से सम्बन्ध, लिग, उसकी आयु, वैवाहिक

स्थिति, मातृभाषा, धर्म, अनुसूचित जाति/ जनजाति, शैक्षिक स्तर तथा उसके द्वारा किये जाने वाले कार्य का ब्यौरा दर्ज किया गया। व्यक्तिगत पर्ची मे विभिन्न जन-साँख्यकीय और आर्थिक कार्यकलाप के अतिरिक्त प्रवास तथा प्रजननता से सम्बन्धित 23 प्रश्न है, जैसे नाम, मुखिया से सम्बन्ध, पुरूष/स्त्री, आयु, वैवाहिक स्थिति, मातृभाषा, दो अन्य भाषाये जिनका ज्ञान हो, क्या वह अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति का सदस्य है, साक्षरता, शैक्षिक स्तर और क्या वह स्कूल/ कालेज जाता/ जाती है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक व्यक्ति के आर्थिक क्रिया - कलापो तथा आवास एव प्रजननता के बारे मे प्रश्न है।

इनके अतिरिक्त प्रत्येक स्नातकोत्तर डिग्रीधारक और तकनीकी कार्मिक को अलग से विस्तृत विवरण दर्ज करने हेतु सी एस आई आर द्वारा वितरित फार्म दिया गया जिसे ऐसे व्यक्ति द्वारा या तो स्वय भरकर प्रगणको को वापस किया गया या इस अनुसूची पर मुद्रित सी एस आई आर के पते पर डाक द्वारा भेजा गया। 1981 की जनगणना मे प्रवास तथा प्रजननता से सम्बन्धित जानकारी एव तकनीकी डिग्रीधारको का फार्म केवल 20 प्रतिशत चुने हुए प्रगणक ब्लाको मे ही भराया गया था परन्तु 1991 मे ये सभी प्रश्न समस्त प्रगणक ब्लाको मे भरे गए। भूतपूर्व सैनिको के बारे मे सूचना पहली बार एकत्र करायी गई।

मकानसूचीकरण और प्रगणना कार्य के पहले तीन बार गहन प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के महत्व को देखते हुए उसका पर्यवेक्षण निदेशालय स्तर से किया गया। जनगणना के समयबद्ध कार्य मे विशाल सख्या मे कर्मियो की नियुक्ति, उन्हे प्रशिक्षण देना, सभी प्रपत्रो का वितरण आदि करना, क्षेत्रीय कार्य का पर्यवेक्षण करना और नियत तिथि को उनसे भरे हुए तथा खाली अभिलेखो को एकत्रित करना अपने आप मे एक बहुत ही विशाल तथा उत्तरदायित्व का कार्य होता है।


क्षेत्रीय कार्य की समाप्ति के तुरन्त बाद चार्ज स्तर और फिर अन्तिम रूप मे जिला स्तर पर आँकडो के योग निकाले गये। जनसख्या के अनन्तिम आँकडो को जनगणना निदेशालय, उत्तर प्रदेश लखनऊ तथा भारत के महारजिस्ट्रार एव जनगणना आयुक्त दिल्ली को प्रेषित करने के लिए विस्तृत व्यवस्था की गई जिसके फलस्वरूप ही इस पुस्तिका मे प्रदेश से सम्बन्धित जनगणना के कुछ मूलभूत आँकडे इतनी तत्परता से प्रस्तुत किये जा सके।

जनगणना उत्क्रम

भारत के महारजिस्ट्रार एवम् जनगणना आयुक्त

निदेशक जनगणना कार्य उत्तर प्रदेश

क्षेत्रीय उप निदेशक



परिणामो का विश्लेषण

पहली मार्च, 1991 के सूर्योदय काल के समय उत्तर प्रदेश की अनन्तिम जनसख्या 138,760,417 आयी है जिसमे 73,745,994 पुरुष है तथा 65,014,423 स्त्रियॉ है। प्रदेश की जनसख्या पूरे देश की जनसख्या के छठे भाग से कुछ ज्यादा है। इस प्रकार से उत्तर प्रदेश राज्य भारत वर्ष के समस्त राज्यो एवम् केन्द्र शासित क्षेत्रों मे आबादी के लिहाज से सबसे बडा राज्य है लेकिन क्षेत्रफल की दृष्टि से इसका स्थान चौथा है।

दशक 1981-91 के दौरान प्रदेश की जनसख्या मे कुल वृद्धि 27,897,905 हुई है। फलस्वरूप दशकीय वृद्धि 25 16 प्रतिशत है जो इससे पहले के दशक (1971-81) की प्रतिशत वृद्धि (25 49) से 0 33 अक कम है। इन ऑकडो के योग एवम् प्रतिशत वृद्धि निकालने के पूर्व 1981 की जनगणना के बाद हरियाणा राज्य के फरीदाबाद जिले से प्रदेश के गाजियाबाद एवम् बुलन्दशहर जिलो मे आये पॉच ग्रामो की आबादी (499) को समायोजित कर दिया गया है।

जनसख्या के आकलन हेतु भारत सरकार द्वारा गठित की गई विशेषज्ञो की समिति के अनुसार उत्तर प्रदेश की 1991 की जनसख्या 13 53 करोड होनी चाहिए थी जो वास्तविक गणना के उपरान्त (35) लाख अधिक आयी है। 1991 की जनगणना में भारतवर्ष की कुल जनसख्या 843,930,816 आई है जो 1981 की तुलना मे 160,601,764 बढी है। इस प्रकार से 1981-91 के दशक मे जनसख्या की वृद्धि दर 23 50 प्रतिशत आई है जो उत्तर प्रदेश राज्य की प्रतिशत वृद्धि से 1 66 अक कम है। देश के 11 राज्यो/केन्द्र शासित क्षेत्रो (आन्ध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, नागालैण्ड, त्रिपुरा, पश्चिम बगाल, दमन व दीव, लक्षद्वीप तथा पाडिचेरी) को छोडकर अन्य सभी मे दशकीय वृद्धिदर 1971-81 की तुलना मे कम हुई है।

जनसंख्या के आकार की दृष्टि से जिलो की स्थिति

जनसख्या के अनन्तिम ऑकडो के आधार पर प्रदेश के 63 जिलो मे इलाहाबाद (4,909,919) अभी भी प्रदेश का सबसे बडा जिला है परन्तु गोरखपुर जिले से महाराजगज जिला बन जाने के फलस्वरूप अब दूसरा स्थान वाराणसी (4,798,279) का है और उसके बाद देवरिया (4,427,345) तथा मुरादाबाद (4,114,119) जिले का नम्बर आता है। आबादी की दृष्टि से गोरखपुर अब दसवे स्थान पर पहुँच गया है। इसी प्रकार कानपुर जिले को कानपुर नगर व कानपुर देहात जिलो मे विभक्त कर देने के फलस्वरूप कानपुर नगर का स्थान 23 वॉ आता है जबकि कानपुर देहात का 36 वॉ स्थान है। जिलो के स्थानो मे परिवर्तन का मुख्य कारण प्रदेश मे 1981 की जनगणना के उपरान्त कानपुर जिले के विभाजन के अतिरिक्त 6 अन्य जिलो (हरिद्वार, फिरोजाबाद, मऊ, सोनभद्र, सिद्धार्थनगर, महाराजगज) का सृजन है। प्रदेश के एक जिले की औसत जनसख्या 22 03 लाख आती है। जनसख्या की दृष्टि से 34 जिले औसत से बडे आकार के है तथा शेष 29 जिले छोटे आकार के है। उत्तर काशी प्रदेश का सबसे छोटा जिला है। प्रदेश मे 10 लाख से कम आबादी वाले कुल सात जिले है जिनमे से 6 पर्वतीय क्षेत्र (उत्तरकाशी, अल्मोडा, गढवाल, टिहरी गढवाल, पिथौरागढ तथा चमोली) तथा ललितपुर जिला बुन्देलखण्ड क्षेत्र का है। प्रदेश के 27 जिलो की आबादी 20-30 लाख के बीच है

जबकि 10-20 लाख आबादी की श्रेणी मे 19 जिले आते है। इसी प्रकार 30-40 लाख की आबादी की श्रेणी मे 6 जिले है तथा 40-50 लाख की श्रेणी मे उपर्युक्त वर्णित चार जिले आते है।

जनसंख्या मे वृद्धि

उत्तर प्रदेश राज्य की जनसख्या मे 1981-91 के दशक के दौरान वृद्धि 25 16 प्रतिशत रही, जो पिछले दशक (1971-81) की वृद्धि (25 49 प्रतिशत) की तुलना मे कम है परन्तु सम्पूर्ण देश की जनसख्या की वृद्धि दर की अपेक्षा प्रदेश की प्रतिशत वृद्धि दर फिर भी 1 66 अक अधिक है।

1981-91 मे गाजियाबाद जिले मे आबादी की दशकीय वृद्धि (49 49 प्रतिशत) प्रदेश के समस्त जिलों से सर्वाधिक रही जबकि 1981 की जनगणना मे सर्वाधिक दशकीय वृद्धि नैनीताल मे हुई थी। प्रदेश मे गढवाल (5 97 प्रतिशत) तथा अल्मोडा (8 81) ऐसे जिले है जिनमे दशकीय वृद्धि 10 प्रतिशत से भी कम रही है जबकि 10-20 प्रतिशत के बीच वृद्धि वाले जिलो की श्रेणी मे पिथौरागढ (13 87), टिहरी गढवाल (15 60), चमोली (18 22), कानपुर देहात (19 26) तथा आगरा (19 83) जिले आते है। सर्वाधिक जिलो (28) मे दशकीय वृद्धि दर 20-25 प्रतिशत के बीच रही। प्रदेश के 21 जिलो मे वृद्धि दर 25-30 प्रतिशत के बीच रही जबकि 30 प्रतिशत से ज्यादा वृद्धि वाले जिलो की श्रेणी मे गाजियाबाद जिले के अतिरिक्त सोनभद्र (37 36), नैनीताल (37 03), लखनऊ (36 24), देहरादून (33 22), मिर्जापुर (31 14) तथा मुरादाबाद (30 63) आते है।

प्रदेश के 35 जिलो मे जनसख्या की दशकीय वृद्धि दर राज्य स्तर की वृद्धि दर (25 16) से कम रही है। भौगोलिक क्षेत्रवार ऑकडो के विश्लेषण से ज्ञात होता है कि प्रदेश के पूर्वी क्षेत्रो मे आबादी की दशकीय वृद्धि दर (26 24) सर्वाधिक रही है। उसके बाद पश्चिमी क्षेत्र (25 54), बुन्देलखण्ड क्षेत्र (23 58), मध्य क्षेत्र (23 47) तथा पर्वतीय क्षेत्र (21 48) का क्रम है। इस प्रकार से पूर्वी तथा पश्चिमी क्षेत्रो मे आबादी की वृद्धि राज्य स्तर की वृद्धि दर (25 16) से ज्यादा रही है।

लिगानुपात

प्रति 1000 पुरुषो की तुलना मे स्त्रियो की सख्या को लिगानुपात कहते है। इस जनगणना मे लिगानुपात 882 आया है अर्थात् प्रदेश मे 1000 पुरुषो की तुलना मे स्त्रियो की सख्या कुल 882 है। गढवाल (1112), अल्मोडा (1106), टिहरी गढवाल (1073), चमोली (1059), पिथौरागढ (1031) तथा आजमगढ (1010) जिलो मे स्त्रियो का अनुपात ज्यादा है। पिछली जनगणना (1981) के समय स्त्रियो का अनुपात प्रतापगढ (1006) तथा जौनपुर (1009) जिलो मे भी ज्यादा था परन्तु अब दोनो जिलो मे अनुपात पुरुषो के पक्ष मे हो गया है। प्रदेश के 30 जिलो मे लिगानुपात 1981 की तुलना मे 1991 मे घटा है अपितु प्रदेश मे 22 ऐसे जिले है जहॉ लिगानुपात राज्य स्तर के लिगानुपात (882) से ज्यादा है।

जनसंख्या का घनत्व

जनसख्या के घनत्व से हमारा तात्पर्य प्रति वर्ग किलोमीटर मे रह रहे व्यक्तियो की सख्या से है। प्रदेश के

लिए यह घनत्व 471 है जबकि 1981 में 377 था। इस प्रकार प्रदेश में एक वर्ग किलोमीटर पर 94 व्यक्तियो का दबाव बढा है। जिलों में जनसख्या का घनत्व निकालने के लिए क्षेत्रफल की आवश्यकता होती है जिसे प्रदेश मे नये जिलो के सृजन के फलस्वरूप अन्तिम नही किया जा सका है। अत केन्द्रीय साख्यकीय संगठन की सहमति से अनन्तिम क्षेत्रफल के आँकडों का प्रयोग किया गया है। अनन्तिम आँकड़ों के आधार पर प्रदेश मे सबसे ज्यादा घनत्व वाला जिला कानपुर नगर (2390 व्यक्ति) है जबकि सबसे कम घनत्व वाला जिला उत्तरकाशी (30) है। इससे पूर्व की जनगणना में सबसे ज्यादा घनत्व वाला जिला लखनऊ था। उत्तरकाशी के अतिरिक्त प्रतिवर्ग किलोमीटर में 150 व्यक्तियों से कम आबादी वाले जिले चमोली (48), पिथौरागढ़ (63), गढवाल (123) टेहरी गढवाल (130) और ललितपुर (149) है। प्रदेश में 41 ऐसे जिले है जहाँ जनसख्या का घनत्व राज्य स्तर के घनत्व (471) से अधिक है।

साक्षरता

1991 की जनगणना में सात वर्ष से कम उम्र वाले बच्चों को अशिक्षित माना गया है जबकि इससे पूर्व की जनगणना में चार वर्ष तक की आयु के बच्चों को ही अशिक्षित माना गया था। अत. परिभाषिक परिवर्तन के फलस्वरूप साक्षरता की प्रतिशतता की तुलना पूर्व की जनगणना से प्राप्त आँकड़ों के आधार पर करना सम्भव नहीं है। अतएव केवल राज्य स्तर पर 1961 से 1981 तक पाच वर्ष तथा अधिक आयु वाले व्यक्ति, पुरुष तथा स्त्रियों की साक्षरता दर निकाली गई है। सात वर्ष तथा उससे ज्यादा आयु वाले व्यक्तियो की लिगवार साक्षरता दर 1981 तथा 1991 के लिये निकाली गई है जो नीचे सारणी में प्रस्तुत की जा रही है–

उत्तर प्रदेश राज्य में साक्षरता दर

1961 - 1991

वर्ष	आयु	व्यक्ति	पुरुष	स्त्रियाँ
1961	5 से अधिक	20.73	31.89	8 30
1971	5 से अधिक	25.44	36 69	12 46
1981	5 से अधिक	31.37	44.50	16 34
1981	7 से अधिक	33 33	47 43	17 18
1991	7 से अधिक	41 71	55 35	26 02

नोट : 1991 के लिए सात वर्ष तथा उससे अधिक आयु की जनसंख्या वास्तविक गिनती पर आधारित नही है तथा इसका आकलन किया गया है। सात वर्ष तथा उससे अधिक आयु के लोगो की अन्तिम सख्या प्राथमिक जनगणना सार तैयार हो जाने के बाद उपलब्ध होगी।

साक्षर की परिभाषा वह व्यक्ति जो किसी भाषा को समझ सकता है और उसे लिख और पढ सकता है, साक्षर माना गया है। वह व्यक्ति जो सिर्फ पढ सकता है लेकिन लिख नही सकता, साक्षर नही माना गया है। साक्षर होने के लिए जरूरी नही है कि सम्बन्धित व्यक्ति ने औपचारिक रूप में शिक्षा प्राप्त की हों या कोई परीक्षा पास की हो।

उपर्युक्त सारणी से यह ज्ञात होता है कि 1971 मे 1961 की तुलना मे राज्य स्तर पर 5 वर्ष तथा उससे अधिक आयु वाले पुरूषो तथा स्त्रियो की साक्षरता दरो मे क्रमश 4 80 तथा 4 16 प्रतिशत अको की वृद्धि हुई है जबकि 1981 की जनगणना के समय 1971 की तुलना मे प्रतिशत वृद्धि अक क्रमश 7 81 तथा 3 88 रही है। 1981 और 1991 के लिये साक्षरता दर 7 वर्ष तथा उससे अधिकआयु वाले पुरूषो तथा स्त्रियो के लिये निकाली गई है। इन ऑकडो के अनुसार 7 वर्ष से अधिक आयु वाले पुरूषो की साक्षरता दर 1991 मे 1981 की तुलना मे 7 92 प्रतिशत अक बढी है जबकि इसी अवधि तथा आयु की स्त्रियो की साक्षरता दर मे 8 84 प्रतिशत अको की वृद्धि हुई है। 1981 के लिए 7 वर्ष से अधिक आयु वाले पुरूष एव स्त्रियो तथा उनमे साक्षरो की सख्या सी - 2 सारणी से ली गई है।

उत्तर प्रदेश में नगरों की स्थिति

जनगणना की परिभाषा मे एक लाख से अधिक आबादी वाले कस्बे/ नगर समूह को शहर (सिटी) कहते है। निरन्तर नगरीय विस्तार को जिसमें एक या एक से ज्यादा नगर तथा/ अथवा उसके निकटवर्ती नगरीय वाह्य विकास सम्मिलित हो तो उसे 'नगर समूह' कहा जाता है।

एक लाख से अधिक आबादी वाले शहरो (नगर समूह समेत) की सख्या प्रदेश मे अब 42 हो गई है जबकि 1981 जनगणना के दौरान इनकी कुल सख्या 30 थी। इन 42 शहरो मे प्रदेश की 8 महापालिकाये (कानपुर, लखनऊ, वाराणसी, आगरा, इलाहाबाद, मेरठ, बरेली तथा गोरखपुर) भी सम्मिलित है।

दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरो को मिलियन सिटी कहते है। प्रदेश मे ऐसे केवल तीन शहर है - कानपुर नगर समूह (2,103,483) लखनऊ नगर समूह (1,669,136) तथा वाराणसी नगर समूह (1,018,370)। कानपुर और लखनऊ तो 1981 जनगणना मे भी मिलियन सिटी थे परन्तु वाराणसी नगर समूह को 1991 की जनगणना में पहली बार यह विशिष्ट स्थान प्राप्त हुआ है।

42 शहरो मे से गाजियाबाद नगर समूह (80 90 प्रतिशत) मे जनसख्या की वृद्धि दर सबसे अधिक रही है। इसके पश्चात् जनसख्या मे वृद्धि दर की दृष्टि से लखनऊ नगर समूह (66 65), गोरखपुर महापालिका (59 35), मऊनाथ भजन नगरपालिका (58 06), मेरठ नगर समूह (55 29), अलीगढ नगरपालिका (49 57) तथा गोण्डा नगरपालिका (47 89) का नम्बर आता है। तीव्र वृद्धि दर की वजह से ही एक लाख से अधिक आबादी वाले शहरो मे गाजियाबाद का स्थान अब आठवाँ है।

जहाँ तक इन शहरो मे लिगानुपात का प्रश्न है प्रत्येक मे स्त्रियो की सख्या पुरूषो की तुलना मे कम है। प्रदेश की कुल शहरी आबादी मे प्रति 1000 पुरूषो के साथ 857 स्त्रियाँ है जबकि राज्य स्तर पर एक अनुपात 882 है। रामपुर (963) तथा मऊनाथ भजन (934) मे स्त्रियो का अनुपात सबसे अधिक है जबकि नोएडा जनगणना नगर मे (785) सबसे कम है।

इन शहरो मे शिक्षित पुरूषो के अनुपात का पूर्व जनगणना के ऑकडो से तुलनात्मक अध्ययन सम्भव नही है क्योकि 1991 की जनगणना में 6 वर्ष तक की आयु वाले बच्चो को अशिक्षित माना गया है जबकि इस से पूर्व की जनगणनाओ मे 4 वर्ष तक के बच्चो को ही अशिक्षित माना गया था।

राज्य एवम् केन्द्र शासित क्षेत्रवार जनसंख्या का वितरण, लिंग अनुपात, वृद्धि दर और जनसंख्या का घनत्व

देश/राज्य/केन्द्र शासित क्षेत्र	1991 की जनसंख्या			लिंग अनुपात		घनत्व		वृद्धि दर (प्रतिशत)	
	व्यक्ति	पुरूष	स्त्रियाँ	1981	1991	1981	1991	71-81	81-91
भारत	843,930,861	437,597,929	406,332,932	934	929	216	267	24.66	23.50
आंध्र प्रदेश	66,304,854	33,623,738	32,681,116	975	972	195	241	23.10	23.82
अरुणांचल प्रदेश	858,392	461,242	397,150	862	861	8	10	35.15	35,86
असम	22,294,562	11,579,693	10,714,869	910	925	230	284	23.36	23.58
बिहार	86,338,853	45,147,280	41,191,573	946	912	402	497	24.06	23.49
गोवा	1,168,622	593,563	575,059	975	969	272	316	26.74	15.96
गुजरात	41,174,060	21,272,388	19,901,672	942	936	174	210	27,67	20.80
हरियाणा	16,317,715	8,705,379	7,612,336	870	874	292	369	28.75	26.28
हिमांचल प्रदेश	5,111,079	2,560,894	2,550,185	973	996	77	92	23.71	19.39
जम्मू और कश्मीर	7,718,700	4,014,100	3,704,600	892	923	59	76	29.69	28.92
कर्नाटक	44,817,398	22,861,409	21,955,989	963	960	194	234	26.75	20.69
केरल	29,011,237	14,218,167	14,793,070	1032	1040	655	747	19.24	13.98
मध्य प्रदेश	66,135,862	34,232,048	31,903,814	941	932	118	149	25.27	26.75
महाराष्ट्र	78,706,719	40,652,056	38,054,663	937	936	204	256	24.57	25.36
मणिपुर	1,826,714	931.511	895,203	971	961	64	82	32.46	28.56
मेघालय	1,760,626	904,308	856,318	954	947	60	78	32.04	31.80
मिजोरम	686,217	356,672	329,545	919	924	23	33	48.55	38.98
नागालैण्ड	1,215,573	643,273	572,300	863	890	47	73	50.05	56.86
उड़ीसा	31,512,070	15,979,904	15,532,166	981	972	169	202	20.17	19.50
पंजाब	20,190,795	10,695,136	9,495,659	879	888	333	401	23.89	20.26
राजस्थान	43,880,640	22,935,895	20,944,745	919	913	100	128	32.97	28.07
सिक्किम	403,612	214,723	188,889	835	880	45	57	50.77	27.57
तमिलनाडु	55,638,318	28,217,947	27,420,371	977	972	372	428	17.50	14.94
त्रिपुरा	2,744,827	1,410,545	1,334,282	946	946	196	262	31.92	33.69
उत्तर प्रदेश	138,760,417	73,745,994	65,014,423	885	882	377	471	25.49	25.16
पश्चिमी बंगाल	67,982,732	35,461,898	32,520,834	911	917	615	766	23.17	24.55
अण्डमान एवं निकोबार द्वीप समूह	277,989	152,737	125,252	760	820	23	34	67.93	47.29
चण्डीगढ़	640,725	357,411	283,314	769	793	3961	5620	75.55	41.88
दादर एवं नागर हवेली	138,542	70,927	67,615	974	953	211	282	39.78	33.63
दमन व दीव	101,439	51,452	49,987	1062	972	705	906	26.07	28.43
दिल्ली	9,370,475	5,120,733	4,249,742	808	830	4194	6319	53.00	50.64
लक्षद्वीप	51,681	26,582	25,099	975	944	1258	1615	26.53	28.40
पांडिचेरी	789,416	398,324	391,092	985	982	1229	1605	28.15	30.60

नोट : 1. असम राज्य में 1981 की जनगणना नहीं कराई गई थी। अतः 1971 की जनगणना और 1991 की जनगणना के अनन्तिम परिणामों के आधार पर इस राज्य के लिए 1981 की जनसंख्या का अन्तरगणन (इण्टरपोलेशन) किया गया है।

2. असम राज्य की 1981 की जनसंख्या के संशोधित आकलन के फलस्वरूप भारत की 1981 की कुल जनसंख्या पूर्व प्रकाशित जनसंख्या 685,189,692 के स्थान पर अब 683,329,697 आकलित की गई है।

3. संशोधित आँकड़ों के फलस्वरूप 1971-81 में भारत की दशकीय वृद्धि दर 24.66 आकलित की गई है।

4. जम्मू कश्मीर राज्य में 1991 की जनगणना अभी नहीं की गई है अतः इस राज्य के आँकड़े विशेषज्ञों की स्थायी समिति के आकलन पर आधारित है।

उत्तर प्रदेश के जिलों की तुलनात्मक स्थिति


1991 जनगणना (अनन्तिम आँकड़े)

	राज्य / जिला	कुल जनसंख्या (उत्तर प्रदेश में स्थान)		दशकीय वृद्धि दर (प्रतिशत)		जनसंख्या घनत्व 1991 (प्रति वर्ग कि. मी.)
		1981	1991	1971-81	1981-91	
	1	2	3	4	5	6
	उत्तर प्रदेश	110,862,512	138,760,417	+25.49	+25.16	471
1.	उत्तरकाशी	190,948(63)	237,772(63)	+29.19	+24.52	30
2.	चमोली	373,605(62)	441,667(62)	+24.36	+18.22	48
3.	टिहरी गढ़वाल	497,710(60)	575,352(60)	+25.25	+15.60	130
4.	देहरादून	761,668(56)	1,014,700(56)	+31.93	+33.22	329
5.	गढ़वाल	628,618(58)	666,165(59)	+15.31	+5.97	123
6.	पिथौरागढ़	489,267(61)	557,148(61)	+17.85	+13.87	63
7.	अल्मोड़ा	757,373(57)	824,134(57)	+16.77	+8.81	153
8.	नैनीताल	1,136,523(49)	1,557,415(45)	+43.85	+37.03	229
9.	बिजनौर	1,927,023(28)	2,444,989(24)	+30.14	+26.88	519
10.	मुरादाबाद	3,149,406(4)	4,114,119(4)	+29.66	+30.63	,689
11.	रामपुर	1,178,621(47)	1,498,294(47)	+30.78	+27.12	633
12.	सहारनपुर	1,821,543(34)	2,298,495(31)	+28.80	+26.18	595
13.	हरिद्वार	890,260(54)	1,122,781(54)	+32.34	+26.12	563
14.	मुजफ्फरनगर	2,248,483(17)	2,833,856(14)	+26.34	+26.03	700
15.	मेरठ	2,767,246(6)	3,404,000(6)	+25.33	+23.01	870
16.	गाजियाबाद	1,843,330(32)	2,755,636(16)	+37.45	+49.49	1062
17.	बुलन्दशहर	2,358,569(12)	2,842,391(13)	+24.68	+20.51	653
18.	अलीगढ़	2,574,925(7)	3,296,758(7)	+21.93	+28.03	657
19.	मथुरा	1,560,447(40)	1,923,920(39)	+20.94	+23.29	505
20.	आगरा	2,256,934(16)	2,704,545(21)	+21.91	+19.83	672
21.	फिरोजाबाद	1,260,265(45)	1,532,282(46)	+23.80	+21.58	649
22.	एटा	1,858,692(30)	2,240,328(33)	+18.32	+20.53	504
23.	मैनपुरी	1,061,945(51)	1,306,161(51)	+20.02	+23.00	473
24.	बदायूँ	1,971,946(23)	2,440,135(25)	+19.80	+23.74	472
25.	बरेली	2,273,030(15)	2,822,988(15)	+27.71	+24.19	685
26.	पीलीभीत	1,008,312(52)	1,277,331(52)	+34.06	+26.68	365
27.	शाहजहाँपुर	1,647,664(38)	1,981,950(38)	+28.11	+20.29	433
28.	खीरी	1,952,680(24)	2,413,463(28)	+31.35	+23.60	314
29.	सीतापुर	2,337,284(13)	2,846,450(12)	+24.03	+21.78	496
30.	हरदोई	2,274,929(14)	2,739,003(20)	+23.00	+20.40	458
31.	उन्नाव	1,822,591(33)	2,195,513(35)	+22.78	+20.46	482

उत्तर प्रदेश के जिलों की तुलनात्मक स्थिति


1991 जनगणना (अनन्तिम आँकड़े)

	राज्य / जिला	कुल जनसंख्या (उत्तर प्रदेश में स्थान)		दशकीय वृद्धि दर (प्रतिशत)		जनसंख्या घनत्व 1991 (प्रति वर्ग कि. मी.)
		1981	1991	1971-81	1981-91	
	1	2	3	4	5	6
32.	लखनऊ	2,014,574(21)	2,744,578(19)	+24.52	+36.24	1086
33.	रायबरेली	1,886,940(29)	2,320,620(30)	+24.90	+22.98	503
34.	फर्रूखाबाद	1,949,137(26)	2,431,426(26)	+25.19	+24.74	569
35.	इटावा	1,742,651(37)	2,128,151(37)	+20.37	+22.12	492
36.	कानपुर देहात	1,791,473(36)	2,136,504(36)	+21.84	+19.26	416
37.	कानपुर नगर	1,950,750(25)	2,485,490(23)	+27.85	+27.41	2390
38.	जालौन	986,238(53)	1,217,021(53)	+21.24	+23.40	267
39.	झाँसी	1,137,031(48)	1,426,751(50)	+30.67	+25.48	284
40.	ललितपुर	577,648(59)	748,997(58)	+32.21	+29.66	149
41.	हमीरपुर	1,194,168(46)	1,465,401(48)	+20.84	+22.71	205
42.	बाँदा	1,533,990(41)	1,851,014(41)	+29.76	+20.67	243
43.	फतेहपुर	1,572,421(39)	1,890,697(40)	+23.01	+20.24	455
44.	प्रतापगढ़	1,801,049(35)	2,210,680(34)	+26.59	+22.74	595
45.	इलाहाबाद	3,797,033(1)	4,909,919(1)	+29.27	+29.31	676
46.	बहराइच	2,216,245(18)	2,748,327(18)	+28.33	+24.01	400
47.	गोण्डा	2,834,562(5)	3,571,797(5)	+23.13	+26.01	486
48.	बाराबंकी	1,992,074(22)	2,422,763(27)	+21.80	+21.62	551
49.	फैजाबाद	2,382,515(11)	2,983,950(11)	+23.62	+25.24	661
50.	सुल्तानपुर	2,042,778(20)	2,560,805(22)	+24.34	+25.36	577
51.	सिद्धार्थनगर	1,377,613(42)	1,706,634(42)	+19.28	+23.88	580
52.	महाराजगंज	1,335,090(43)	1,679,342(43)	+26.67	+25.78	570
53.	बस्ती	2,200,456(19)	2,750,764(17)	+20.30	+25.01	642
54.	गोरखपुर	2,460,611(10)	3,067,280(10)	+24.01	+24.66	923
55.	देवरिया	3,496,564(3)	4,427,345(3)	+24.33	+26.62	813
56.	मऊ	1,126,256(50)	1,441,027(49)	+21.86	+27.95	834
57.	आजमगढ़	2,512,954(9)	3,148,830(9)	+24.94	+25.30	747
58.	जौनपुर	2,532,734(8)	3,205,019(8)	+26.29	+26.54	794
59.	बलिया	1,850,296(31)	2,249,598(32)	+22.46	+21.58	753
60.	गाजीपुर	1,944,669(27)	2,398,746(29)	+26.97	+23.35	710
61.	वाराणसी	3,701,006(2)	4,798,729(2)	+29.75	+29.66	943
62.	मिर्जापुर	1,261,150(44)	1,653,834(44)	+29.07	+31.14	334
63.	सोनभद्र	777,999(55)	1,068,637(55)	+37.95	+37.36	168




भारत के महासर्वेक्षक की अनुमति से भारतीय सर्वेक्षण विभाग के मानचित्र पर आधारित

© भारत सरकार का प्रतिलिप्यधिकार 1991




भारत के महासर्वेक्षक की अनुमति से भारतीय सर्वेक्षण विभाग के मानचित्र पर आधारित ।

© भारत सरकार का प्रतिलिप्यधिकार 1991




भारत के महासर्वेक्षक की अनुमति से भारतीय सर्वेक्षण विभाग के मानचित्र पर आधारित

© भारत सरकार का प्रतिलिप्यधिकार 1991




भारत के महासर्वेक्षक की अनुमति से भारतीय सर्वेक्षण विभाग के मानचित्र पर आधारित ।

© भारत सरकार का प्रतिलिप्यधिकार 1991



भारत के महासर्वेक्षक की अनुमति से भारतीय सर्वेक्षण विभाग के मानचित्र पर आधारित '

© भारत सरकार का प्रतिलिप्यधिकार 1991




भारत के महासर्वेक्षक की अनुमति से भारतीय सर्वेक्षण विभाग के मानचित्र पर आधारित।

© भारत सरकार का प्रतिलिप्यधिकार 1991

उत्तर प्रदेश

जिलों का क्षेत्रफल तथा जनसंख्या 1991


(अनन्तिम)



उत्तर प्रदेश


दशकीय जनसंख्या वृद्धि

1901-91




उत्तर प्रदेश

जिलों की तुलनात्मक जनसंख्या 1991




लिंगानुपात 1901-91
उत्तर प्रदेश तथा भारत




नोट : केरल राज्य की भांति गढ़वाल (1112), अल्मोड़ा (1107), टिहरी गढ़वाल (1073), चमोली (1059), पिथौरागढ़ (1032) और आजमगढ़ (1011) जिलों में लिंगानुपात में स्त्रियों की संख्या अधिक है।

जनसंख्या में वृद्धि दर
1990-91
उत्तर प्रदेश तथा भारत



उत्तर प्रदेश, अन्य राज्य एवम् केन्द्र शासित प्रदेशों की जनसंख्या 1991

(अनन्तिम)



अन्य:-

राज्य:-

अरुणाचल प्रदेश	858 392	0·10%
मिजोरम	686 217	0·09%
सिक्किम	403 612	0·05%

केन्द्र शासित प्रदेश:-

पाण्डिचेरी	789 416	0·09%
चण्डीगढ़	640 725	0·08%
अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह	277 989	0·04%
दादरा और नागर हवेली	138 542	0·02%
दमन और दीव	101 439	0·01%
लक्षद्वीप	51 681	0·01%

नोट - जम्मू कश्मीर राज्य में 1991 की जनगणना अभी नहीं की गयी है अतः इस राज्य के आँकड़े विशेषज्ञों की स्थायी समिति के आकलन पर आधारित हैं।

उत्तर प्रदेश

दस तीव्रतम वृद्धि वाले जनपद

1901-91

रैंक	1901-11	1911-21	1921-31	1931-41	1941-51	1951-61	1961-71	1971-81	1981-91
1	अल्मोडा (+15 9%)	उत्तरकाशी (+5 9%)	आगरा (+13 4%)	कानपुर (+28 4%)	देहरादून (+36 1%)	नैनीताल (+73 1%)	नैनीताल (+37 6%)	नैनीताल (+43 9%)	गाजियाबाद (+49 5%)
2	देहरादून (+15 3%)	टिहरी गढ़वाल (+5 9%)	झाँसी (+13 2%)	आगरा (+23 0%)	कानपुर (+24 6%)	झाँसी (+26 3%)	देहरादून (+34 6%)	गाजियाबाद (+37 5%)	सोनभद्र (+37 4%)
3	उत्तरकाशी (+11 9%)	बस्ती (+5 2%)	बिजनौर (+12 8%)	इलाहाबाद (+21 5%)	मेरठ (+20 3%)	रामपुर (+25 3%)	रामपुर (+28 5%)	पीलीभीत (+34 1%)	नैनीताल (+37 0%)
4	टिहरी गढ़वाल (+11 9%)	गोंडा (+4 3%)	मुजफ्फरनगर (+12 7%)	मथुरा (+20 8%)	गाजियाबाद (+19 4%)	आगरा (+24 0%)	सहारनपुर (+27 2%)	ललितपुर (+32 2%)	लखनऊ (+36 2%)
5	गढ़वाल (+11 7%)	देहरादून (+3 6%)	गोरखपुर (+11 7%)	लखनऊ (+20 6%)	लखनऊ (+18 8%)	कानपुर (+22 8%)	कानपुर (+25 8%)	देहरादून (+31 9%)	देहरादून (+33 2%)
6	झाँसी (+9 7%)	फतेहपुर (+3 6%)	सहारनपुर (+11 4%)	गाजीपुर (+19 4%)	वाराणसी (+18 5%)	मिर्जापुर (+22 8%)	बिजनौर (+25 0%)	खीरी (+31 4%)	मिर्जापुर (+31 1%)
7	गोरखपुर (+9 0%)	आजमगढ़ (+2 4%)	गढ़वाल (+10 0%)	वाराणसी (+18 5%)	आगरा (+16 5%)	पीलीभीत (+22 2%)	मुजफ्फरनगर (+24 6%)	रामपुर (+30 8%)	मुरादाबाद (+30 6%)
8	देवरिया (+8 9%)	देवरिया (+2 1%)	अल्मोडा (+10 0%)	इटावा (+18 4%)	सुलतानपुर (+16 4%)	इटावा (+21 8%)	हमीरपुर (+24 4%)	झाँसी (+30 7%)	ललितपुर (+29 7%)
9	खीरी (+6 0%)	गोरखपुर (+2 0%)	बलिया (+9 9%)	मेरठ (+18 4%)	गाजीपुर (+15 8%)	बिजनौर (+21 0%)	आगरा (+24 0%)	बिजनौर (+30 1%)	वाराणसी (+29 7%)
10	मुरादाबाद (+5 9%)	वाराणसी (+1 6%)	उत्तरकाशी (+9 8%)	गाजियाबाद (+18 0%)	मुजफ्फरनगर (+15 6%)	बांदा (+20 7%)	बांदा (+24 0%)	बांदा (+29 8%)	इलाहाबाद (+29 3%)

उत्तर प्रदेश

दस न्यूनतम वृद्धि वाले जनपद

1901-91

रैंक	1901-11	1911-21	1921-31	1931-41	1941-51	1951-61	1961-71	1971-81	1981-91
1	बलिया (-14 3%)	नैनीताल (-14 4%)	नैनीताल (+0 2%)	रामपुर (+2 8%)	हमीरपुर (+2 7%)	सुलतानपुर (+9 3%)	गोन्डा (+11 0%)	गढ़वाल (+15 3%)	गढ़वाल (+6 0 %)
2	मथुरा (-14 0%)	रामपुर (-14 4%)	मैनपुरी (+0 2%)	सुलतानपुर (+4 8%)	पीलीभीत (+2 8%)	बस्ती (+10 0%)	प्रतापगढ़ (+13 6%)	अल्मोड़ा (+16 8 %)	अल्मोड़ा (+8 8 %)
3	कानपुर (-9 3%)	बहराइच (-11 7%)	इटावा (+1 7%)	बस्ती (+5 2%)	खीरी (+3 4%)	गोन्डा (+10 4%)	बस्ती (+13 6%)	पिथौरागढ (+17 9 %)	कानपुर देहात (+9 5%)
4	बाराबंकी (-8 1%)	पीलीभीत (-11 5%)	रामपुर (+2 6%)	नैनीताल (+5 3%)	टिहरी गढ़वाल (+3 7%)	फैजाबाद (+10 5%)	शाहजहाँपुर (+13 8%)	एटा (+18 3 %)	पिथौरागढ (+13 9 %)
5	गाजीपुर (-8 1%)	शाहजहाँपुर (-11 2%)	फैजाबाद (+2 8%)	खीरी (+8 4%)	उत्तरकाशी (+3 7%)	बहराइच (+11 6%)	टिहरी गढ़वाल (+14 3%)	बदायूँ (+19 8%)	टिहरी गढ़वाल (+15 6%)
6	मुजफ्फरनगर (-7 8%)	उन्नाव (-10 1%)	आजमगढ़ (+2 8%)	शाहजहाँपुर (+8 7%)	गढ़वाल (+6 2%)	बलिया (+12 1%)	रायबरेली (+14 3%)	मैनपुरी (+20 0%)	चमोली (+18 2%)
7	उन्नाव (-6 7%)	झाँसी (-9 9%)	बाराबंकी (+3 3%)	फर्रुखाबाद (+8 8%)	चमोली (+6 2%)	बाराबंकी (+12 2%)	गढ़वाल (+14 7%)	बस्ती (+20 3%)	आगरा (+19 8%)
8	इटावा (-5 8%)	जालौन (-9 9%)	खीरी (+3 4%)	बिजनौर (+8 9%)	सीतापुर (+6 7%)	शाहजहाँपुर (+12 5%)	बहराइच (+15 1%)	इटावा (+20 4%)	गोन्डा (+20 0%)
9	फैजाबाद (-5 8%)	आगरा (-9 6%)	बदायूँ (+3 6%)	गोन्डा (+9 1%)	देवरिया (+6 7%)	बदायूँ (+12 8%)	चमोली (+15 6%)	हमीरपुर (+20 8%)	फतेहपुर (+20 2%)
10	शाहजहाँपुर (-5 6%)	अलीगढ़ (-8 9%)	एटा (+3 7%)	बहराइच (+9 2%)	बाँदा (+6 8%)	देवरिया (+13 0%)	बाराबंकी (+15 6%)	मथुरा (+20 9%)	शाहजहाँपुर (+20 3%)

अनन्तिम जनसंख्या तालिकायें

जिलेवार जनसंख्या का विवरण, लिंग अनुपात, वृद्धि दर और जनसंख्या का घनत्व

तालिका - 1

1991 जनगणना - उत्तर प्रदेश
(अनन्तिम आँकड़े)

राज्य/जिला	जनसंख्या - 1991			लिंग अनुपात (स्त्रियाँ प्रति 1000 पुरुष)		जनसंख्या घनत्व (प्रति वर्ग किलोमीटर)		दशकीय वृद्धि दर (प्रतिशत)	
	व्यक्ति	पुरुष	स्त्रियाँ	1981	1991	1981	1991	1971-81	1981-91
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
उत्तर प्रदेश	**138,760,417**	**73,745,994**	**65,014,423**	**885**	**882**	**377**	**471**	**+25.49**	**+25.16**
1. उत्तरकाशी	237,772	123,328	114,444	881	928	24	30	+29.19	+24.52
2. चमोली	441,667	214,532	227,135	1042	1059	41	48	+24.36	+18.22
3. टिहरी गढ़वाल	575,352	277,547	297,805	1088	1073	113	130	+25.25	+15.60
4. देहरादून	1,014,700	548,181	466,519	811	851	247	329	+31.93	+33.22
5. गढ़वाल	666,165	315,427	350,738	1092	1112	116	123	+15.31	+5.97
6. पिथौरागढ़	557,148	274,274	282,874	1014	1031	55	63	+17.85	+13.87
7. अल्मोड़ा	824,134	391,245	432,889	1081	1106	141	153	+16.77	+8.81
8. नैनीताल	1,557,415	831,073	726,342	841	874	168	229	+43.85	+37.03
9. बिजनौर	2,444,989	1,305,609	1,139,380	863	873	409	519	+30.14	+26.88
10. मुरादाबाद	4,114,119	2,221,717	1,892,402	843	852	528	689	+29.66	+30.63
11. रामपुर	1,498,294	802,559	695,735	843	867	498	633	+30.78	+27.12
12. सहारनपुर	2,298,495	1,235,955	1,062,540	839	860	472	595	+28.80	+26.18
13. हरिद्वार	1,122,781	608,569	514,212	817	845	446	563	+32.34	+26.12
14. मुजफ्फरनगर	2,833,856	1,522,705	1,311,151	843	861	555	700	+26.34	+26.03
15. मेरठ	3,404,000	1,833,443	1,570,557	838	857	708	870	+25.33	+23.01
16. गाजियाबाद	2,755,636	1,501,403	1,254,233	829	835	711	1,062	+37.45	+49.49
17. बुलन्दशहर	2,842,391	1,527,833	1,314,558	864	860	542	653	+24.68	+20.51
18. अलीगढ़	3,296,758	1,788,116	1,508,642	841	844	513	657	+21.93	+28.03
19. मथुरा	1,923,920	1,057,509	866,411	812	819	409	505	+20.94	+23.29
20. आगरा	2,704,545	1,476,635	1,227,910	828	832	560	672	+21.91	+19.83
21. फिरोज़ाबाद	1,532,282	836,514	695,768	825	832	534	649	+23.80	+21.58
22. एटा	2,240,328	1,225,071	1,015,257	827	829	418	504	+18.32	+20.53
23. मैनपुरी	1,306,161	708,663	597,498	832	843	385	473	+20.02	+23.00
24. बदायूँ	2,440,135	1,347,392	1,092,743	809	811	382	472	+19.80	+23.74
25. बरेली	2,822,988	1,531,703	1,291,285	830	843	552	685	+27.71	+24.19
26. पीलीभीत	1,277,331	689,904	587,427	846	851	288	365	+34.06	+26.68
27. शाहजहाँपुर	1,981,950	1,090,022	891,928	813	818	360	433	+28.11	+20.29
28. खीरी	2,413,463	1,308,104	1,105,359	846	845	254	314	+31.35	+23.60
29. सीतापुर	2,846,450	1,553,135	1,293,315	846	833	407	496	+24.03	+21.78
30. हरदोई	2,739,003	1,505,686	1,233,317	827	819	380	458	+23.00	+20.40
31. उन्नाव	2,195,513	1,170,994	1,024,519	889	875	400	482	+22.78	+20.46

जिलेवार जनसंख्या का विवरण, लिंग अनुपात, वृद्धि दर और जनसंख्या का घनत्व

तालिका - 1

1991 जनगणना - उत्तर प्रदेश
(अनन्तिम आँकड़े)

राज्य जिला	जनसंख्या - 1991			लिंग अनुपात (स्त्रियाँ प्रति 1000 पुरुष)		जनसंख्या घनत्व (प्रति वर्ग किलोमीटर)		दशकीय वृद्धि दर (प्रतिशत)	
	व्यक्ति	पुरुष	स्त्रियाँ	1981	1991	1981	1991	1971-81	1981-91
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
32 लखनऊ	2,744,578	1,478,338	1,266,240	847	857	797	1,086	+24 52	+36 24
33 रायबरेली	2,320,620	1,200,554	1,120,066	941	933	409	503	+24 90	+22 98
34 फर्रुखाबाद	2,431,426	1,322,294	1,109,132	825	839	456	569	+25 19	+24 74
35 इटावा	2,128,151	1,159,043	969,108	831	836	403	492	+20 37	+22 12
36 कानपुर देहात	2,136,504	1,158,891	977,613	852	844	349	416	+21 84	+19 26
37 कानपुर नगर	2,485,490	1,351,903	1,133,587	812	839	1,876	2,390	+27 85	+27 41
38 जालौन	1,217,021	664,739	552,282	837	831	216	267	+21 24	+23 40
39 झाँसी	1,426,751	765,005	661,746	869	865	226	284	+30 67	+25 48
40 ललितपुर	748,997	402,008	346 989	858	863	115	149	+32 21	+29 66
41 हमीरपुर	1,465,401	795,493	669,908	856	842	167	205	+20 84	+22 71
42 बाँदा	1,851,014	1,004,874	846,140	864	842	201	243	+29 76	+20 67
43 फतेहपुर	1,890,697	1,003,688	887,009	896	884	379	455	+23 01	+20 24
44 प्रतापगढ	2,210,680	1,110,293	1,100,387	1,006	991	485	595	+26 59	+22 74
45 इलाहाबाद	4,909,919	2,615,660	2,294,259	890	877	523	676	+29 27	+29 31
46 बहराइच	2,748,327	1,492,570	1,255,757	855	841	322	400	+28 33	+24 01
47 गोण्डा	3,571,797	1,908,470	1,663,327	890	872	386	486	+23 13	+26 01
48 बाराबंकी	2,422,763	1,303,329	1,119,434	859	859	453	551	+21 80	+21 62
49 फैजाबाद	2,983,950	1,548,978	1,434,972	934	926	528	661	+23 62	+25 24
50 सुल्तानपुर	2,560,805	1,322,701	1,238,104	971	936	461	577	+24 34	+25 36
51 सिद्धार्थनगर	1,706,634	891,821	814,813	925	914	468	580	+19 28	+23 88
52 महाराजगज	1,679,342	873,105	806,237	919	923	453	570	+26 67	+25 78
53 बस्ती	2,750,764	1,437,727	1,313,037	930	913	514	642	+20 30	+25 01
54 गोरखपुर	3,067,280	1,590,532	1,476,748	952	928	740	923	+24 01	+24 66
55 देवरिया	4,427,345	2,250,814	2,176,531	988	967	642	813	+24 33	+26 62
56 मऊ	1,441,027	730,773	710,254	996	972	652	834	+21 86	+27 95
57 आजमगढ	3,148,830	1,566,214	1,582,616	1031	1010	596	747	+24 94	+25 30
58 जौनपुर	3,205,019	1,606,501	1,598,518	1009	995	627	794	+26 29	+26 54
59 बलिया	2,249 598	1,152,716	1,096 882	984	952	619	753	+22 46	+21 58
60 गाजीपुर	2,398,746	1,222,954	1,175 792	988	961	576	710	+26 97	+23 35
61 वाराणसी	4,798,729	2,531,555	2,267,174	904	896	727	943	+29 75	+29 66
62 मिर्जापुर	1,653,834	882,168	771,666	897	875	255	334	+29 07	+31 14
63 सोनभद्र	1,068,637	575,435	493,202	874	857	122	168	+37 95	+37 36

1901 से जनसंख्या में दशकीय परिवर्तन

	राज्य/जिला	जनसंख्या में दशकीय परिवर्तन (प्रतिशत में)								
		1901-1911	1911-1921	1921-1931	1931-1941	1941-1951	1951-1961	1961-1971	1971-1981	1981-1991
	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
	उत्तर प्रदेश	-0.97	-3.08	+6.66	+13.57	+11.82	+16.66	+19.78	+25.49	+25.16
1.	उत्तरकाशी	+11.88	+5.85	+9.79	+13.67	+3.69	+15.82	+20.33	+29.19	+24.52
2.	चमोली	+11.69	+1.16	+10.04	+12.78	+6.23	+17.09	+15.71	+24.36	+18.22
3.	टिहरी गढ़वाल	+11.88	+5.85	+9.78	+13.67	+3.72	+13.53	+14.28	+25.25	+15.60
4.	देहरादून	+15.25	+3.59	+8.48	+15.63	+36.08	+18.61	+34.57	+31.93	+33.22
5.	गढ़वाल	+11.69	+1.16	+10.04	+12.78	+6.23	+13.86	+14.57	+15.31	+5.97
6.	पिथौरागढ़	+15.88	+0.90	+9.99	+17.83	+12.46	+19.88	+20.64	+17.85	+13.87
7.	अल्मोड़ा	+15.88	+0.90	+9.99	+17.83	+12.46	+13.80	+17.32	+16.77	+8.81
8.	नैनीताल	-0.15	-14.42	+0.15	+5.26	+14.92	+73.10	+37.57	+43.85	+37.03
9.	बिजनौर	+3.33	-8.15	+12.85	+8.95	+8.13	+20.92	+25.03	+30.14	+26.88
10.	मुरादाबाद	+5.59	-5.11	+7.12	+14.72	+12.75	+19.74	+23.07	+29.66	+30.63
11.	रामपुर	-0.27	-14.44	+2.64	+2.81	+13.87	+25.27	+28.46	+30.78	+27.12
12.	सहारनपुर	-5.62	-4.97	+11.37	+12.99	+14.67	+19.84	+24.87	+28.80	+26.18
13.	हरिद्वार	-5.59	-4.91	+11.42	+13.09	+14.62	+18.63	+32.87	+32.34	+26.12
14.	मुजफ्फरनगर	-7.82	-1.64	+12.68	+18.12	+15.61	+18.20	+24.60	+26.34	+26.03
15.	मेरठ	-1.35	-0.31	+6.89	+18.39	+20.28	+18.15	+21.35	+25.33	+23.01
16.	गाजियाबाद	-1.34	-1.02	+6.85	+18.03	+19.38	+21.17	+29.34	+37.45	+49.49
17.	बुलन्दशहर	-1.26	-5.04	+6.63	+15.86	+13.87	+15.06	+18.66	+24.68	+20.51
18.	अलीगढ़	-2.93	-8.92	+10.36	+17.15	+12.45	+14.37	+19.63	+21.93	+28.03
19.	मथुरा	-13.97	-5.70	+7.86	+20.80	+12.45	+17.43	+20.45	+20.94	+23.29
20.	आगरा	-4.10	-9.54	+13.58	+22.55	+16.29	+22.60	+23.00	+21.91	+19.83
21.	फिरोजाबाद	-2.99	-7.19	+4.46	+19.84	+15.40	+23.48	+25.94	+23.80	+21.58
22.	एटा	+0.87	-4.78	+3.71	+14.44	+14.18	+15.59	+20.87	+18.32	+20.53
23.	मैनपुरी	-3.83	-6.52	+0.54	+16.40	+13.90	+19.00	+21.26	+20.02	+23.00
24.	बदायूँ	+2.74	-7.46	+3.56	+15.03	+7.64	+12.83	+16.60	+19.80	+23.74
25.	बरेली	+0.42	-7.38	+5.77	+9.68	+7.91	+16.51	+20.38	+27.71	+24.19
26.	पीलीभीत	+3.67	-11.49	+3.99	+9.33	+2.79	+22.18	+22.05	+34.06	+26.68
27.	शाहजहाँपुर	+2.53	-11.16	+5.75	+8.68	+2.14	+12.53	+13.79	+28.11	+20.29
28.	खीरी	+5.97	-4.77	+3.39	+8.42	+3.35	+18.90	+18.13	+31.35	+23.60
29.	सीतापुर	-3.09	-4.32	+7.13	+10.82	+6.73	+15.94	+17.18	+24.02	+21.78
30.	हरदोई	+2.59	-3.29	+3.97	+9.97	+9.88	+15.54	+17.57	+23.00	+20.40
31.	उन्नाव	-6.73	-10.08	+4.46	+12.14	+11.20	+14.97	+21.00	+22.78	+20.46

1901 से जनसंख्या मे दशकीय परिवर्तन

	राज्य/जिला	जनसख्या में दशकीय परिवर्तन (प्रतिशत में)								
		1901-1911	1911-1921	1921-1931	1931-1941	1941-1951	1951-1961	1961 1971	1971-1981	1981-1991
	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
32	लखनऊ	-3 63	-5 24	+8 72	+20 60	+18 78	+18 68	+20 84	+24 52	+36 24
33	रायबरेली	-1 63	-7 89	+4 04	+9 35	+8 65	+13 68	+14 27	+24 90	+22 98
